# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा पंचदश (बजट) सत्र

संख्या-08 गुरुवार, दिनांक-31 जनवरी, 2019 ई०।

**समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 5.01 बजे अप० तक ।**

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

इस अवसर पर अखबार में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के सम्बन्ध में प्रकाशित समाचार की ओर माननीय सदस्य, श्री कुणाल षडंगी सहित अन्य कतिपय माननीय सदस्यों ने आसन का ध्यानाकृष्ट किया। इस क्रम में माननीय सदस्य, डॉ० इरफान अंसारी ने **"PVBG"** अंकित पोस्टर दिखाते हुए इस गेम को बन्द कराये जाने हेतु आसन से आग्रह किया।

### 1. कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना:-

माननीय सदस्य, डॉ० इरफान अंसारी द्वारा जसीडीह एवं अन्यत्र लगाये गये सोलर लाईट में धांधली का आरोप लगाते हुए दिये गये कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना को नियमानुकूल नहीं होने के कारण आसन द्वारा अमान्य कर दिया गया।

### 2.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

#### (i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-18

**(क) उत्तरित कुल-02,** अ० सू०-68 श्री प्रदीप यादव, स० वि० स०,

**(विषय की गम्भीरता को देखते हुए इस पूरे मामले से सम्बन्धित जाँच प्रतिवेदन राज्य के मुख्य सचिव को अगले सप्ताह में दिये जाने हेतु आसन से निदेश दिया गया।)**

अ० सू०-69 श्री प्रदीप यादव, स० वि० स०।

(ख) **अनागत कुल-16,** अ० सू०-70 से अ०सू०-85 तक।

#### (ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-89

**(क) उत्तरित कुल-04,** तारां०-308 श्रीमती बिमला प्रधान, स० वि० स०,

तारां०-309 श्री केदार हजरा, स० वि० स०,

तारां०-310 श्रीमती सीमा देवी, स० वि० स० एवं

तारां०-311 श्रीमती जोबा मांझी, स० वि० स०।

**(ख) अनागत कुल-85,** तारां०-312 से तारां०-396 तक।

### 3.शून्यकाल :-

आसन से पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपने द्वारा दिये गये शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा-

श्री जगरनाथ महतो,

श्रीमती निर्मला देवी,

श्री दशरथ गागराई,

क्र० पृ०उ०

श्री नागेन्द्र महतो,
श्री पौलुस सुरीन,
श्री नारायण दास,
श्री जानकी प्रसाद यादव,
श्री दीपक बिरूवा,
श्री राज किशोर महतो,
श्री योगेश्वर महतो,
श्री हरिकृष्ण सिंह,
श्री ताला मराण्डी,
श्री केदार हजरा,
श्री कुणाल षडंगी,
डॉ० इरफान अंसारी,
श्रीमती गंगोत्री कुजूर,
श्री राज कुमार यादव
<u>(आसन के निदेश से माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा इस मामले को संज्ञान में लिया गया),</u>
श्रीमती सीता सोरेन,
श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी,
श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी,
श्री निरल पुरती,
श्रीमती बिमला प्रधान,
श्री अरुप चटर्जी एवं
श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता।

**(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री अरुप चटर्जी को असामाजिक तत्वों द्वारा धमकी दिये जाने सम्बन्धी मामले में 24 घंटे के अन्दर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्य माँग करने लगे।)**

## 4.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें:-

i- श्री अशोक कुमार एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

ii- श्री राज सिन्हा, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

## 5. सभा मेज पर प्रतिवेदनों का रखा जाना:-

i- आसन से पुकारे जाने पर माननीया सभापति, श्रीमती मेनका सरदार द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-216(1) के तहत याचिका समिति का 21वाँ प्रतिवेदन सभा पटल पर रखा गया तथा

ii- माननीय सभापति, श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी द्वारा सदाचार एवं विधायक निधि अनुश्रवण समिति का 14वाँ प्रतिवेदन सभा पटल पर रखा गया।

## 6.वित्तीय कार्य:-

पुकारे जाने पर माननीय मंत्री, श्रीमती लुईस मराण्डी द्वारा वित्तीय वर्ष-2019-20 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों खण्ड-(03) स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग (उच्च शिक्षा प्रभाग), उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

क्र०पृ०द्र०

(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रभाग), सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेस विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (सेकेंड्री शिक्षा विभाग), स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (प्राथमिक एवं वयस्क शिक्षा विभाग), अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग प्रभाग), अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अल्पसंख्यक कल्याण प्रभाग) महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग सभा में प्रस्तुत किया गया जिसपर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने अपना कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

**(अन्तराल)**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

**7.वित्तीय कार्य(क्रमांक-06 से जारी):-**

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय व्ययक में सम्मिलित अनुदान की माँगों पर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा आसन के निदेश से चर्चा प्रारम्भ की गयी जिसमें निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी भाग लिया-

श्री बिरंची नारायण,
श्री स्टीफेन मराण्डी,
श्री राम कुमार पाहन,
श्री सुखदेव भगत,
(इस अवसर पर सरकार के उत्तर पर्यन्त सभा की सहमति से सदन का समय विस्तारित किया गया)
श्री अरुप चटर्जी एवं
डॉ० इरफान अंसारी।

तत्पश्चात् स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याणर विभाग के माननीय मंत्री, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी ने अपने विभाग की उपलब्धियों को सदन के समक्ष रखा तदुपरांत सरकार की ओर से माननीया मंत्री, श्रीमती लुईस मराण्डी ने उत्तर दिया। इसके बाद उपर्युक्त माँगें ध्वनिमत से सभा द्वारा स्वीकृत हुई तथा श्री प्रदीप यादव, स०वि०स० का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।

**(इस अवसर पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, झारखण्ड विकास मोर्चा एवं काँग्रेस के कतिपय माननीय सदस्यों ने सदन का परित्याग किया।)**

**8.आसन से सूचना:-**

पूर्व से आयोजित माननीय मुख्यमंत्री-11 एवं माननीय अध्यक्ष-11 मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में सदन की कार्यवाही स्थगन के तुरंत बाद सम्मिलित होने हेतु आसन से आग्रह करते हुए दोनों टीमों के खिलाड़ियों के नामों की घोषणा भी उन्होंने की।

इसके बाद सभा की कार्यवाही **शुक्रवार, दिनांक-01 फरवरी, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न** तक के लिए स्थगित की गयी ।

रॉंची,
दिनांक- 31 जनवरी, 2019 ई०।

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।